Volume:1 Issue:8 January2016

# E-newsletter
(Monthly Publication)
# Kanpur Municipal Corporation

कानपुर नगर निगम

संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा॰ महापौर
श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं॰ एम॰ के॰ सिंह
मुख्य अभियंता सिविल
इं॰ राकेश मोहन अस्थाना
मुख्य अभियंता मार्गप्रकाश
श्री जवाहर राम
महाप्रबंधक,जलकल

मुख्य सम्पादक

इं॰ सुरेश चंद
प्रभारी आई॰टी॰

सह संपादक

श्री वी॰के॰ सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए॰के॰ सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी

## गणतन्त्र दिवस समारोह



**26** जनवरी 1950 एक ऐतिहासिक दिन, भारत में संविधान लागू होने का दिन जिसे गणतन्त्र दिवस अर्थात जनता के द्वारा जनता के लिये शासन। इस व्यवस्था को हम सभी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। वैसे तो भारत में सभी पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं, परन्तु गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। क्योंकि भारत का संविधान, इसी दिन अस्तित्व मे आया और भारत वास्तव में एक संप्रभु देश बना। भारत का संविधान लिखित एवं सबसे बङा संविधानहै। संविधान निर्माण की प्रक्रिया में 2 वर्ष, 11 महिना, 18 दिन लगे थे। 26 जनवरी 2016 भारतीय संविधान की67 वी सालगिरह के उपलक्ष्य में नगर निगम मुख्यालय में प्रातः 8:30 बजे नगर के प्रथम नागरिक माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण जी द्वारा ध्वजारोहन किया गया । नगर निगम सभागार में आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह की शुरुआत *कंप्यूटर ऑपरेटर मणिकांत शुक्ला* ने अपनी *गणतंत्र बगिया के माली हम, लहलहाती रहे ,बलखाती रहे....* इन पंक्तियों से की एवं गाँधी स्मारक संगीत महाविधालय के छात्रों द्वारा विशेष संगीतमय भजन एवं देशभक्ति गीतों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यालय के मुख्य द्वार एवं सड़क मार्ग के दोनों ओर रंगोली का चित्रण किया गया माननीय महापौर जगतवीर सिंह द्रोण , नगर आयुक्त देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा द्वारा अपने उदगार व्यक्त किये गये । अंत में राष्ट्रगान जन गन मन व राष्ट्रगीत वन्देमातरम के उपरान्त मिष्ठान वितरण के साथ सभा विसर्जित की गयी इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षद गणों के साथ -साथ अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता एवं श्री राकेश कुमार गुप्ता , मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह , श्री आर॰एम॰ अस्थाना, जोनल अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी , पर्यावरण अभियंता एवं अन्य कर्मचारियों व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।



Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

## नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो की लिस्ट

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–3 वार्ड–81 के अन्तर्गत सेक्टर आई में म0नं0–956 से 365 तक टाइल्स द्वारा फुटपाथ एवं नाली का सुधार कार्य। | 1142963 |
| 2 | जोन–2 वार्ड–29 सफीपुर के अन्तर्गत डा0 राजीव क्लीनिक से हरिकिशन शुक्ला के मकान से डा0 आर00एन0 वर्मा के मकान तक टाइल्स द्वारा सडक एवं नाली का सुधार कार्य। | 1244977 |
| 3 | जोन–1 वार्ड–84 अन्तर्गत हीरामनपुरवा स्कूल की मुख्य इमूरत की छत का सुधार कार्य। | 1312860 |
| 4 | जोन–3 वार्ड–81 के अन्तर्गत जरौली फेस–1 में 335 से 264, 280 से 272, 281 से 289, 165 से 82 तक प्लाण्ट द्वारा सडक एवं नाली व टाइल्स द्वारा फुटपाथ का सुधार कार्य। | 1563772 |
| 5 | जोन–5 वार्ड–7 में निराला नगर में राम मानस पार्क का सुधार कार्य। | 1596069 |
| 6 | खलासी लाइन चारैराहा तथा रेव–3 चौराहा से भैरोंघाट तक सड़क का प्लाण्ट द्वारा सुधार कार्य। | 3616135 |
| 7 | जान–2 के अन्तर्गत दीनदयालपुरम योजना ई–4 के अन्तर्गत एच0टी0 ल6इन के निकट टाइल्स द्वारा आन्तरिक सडक एवं नाली का सुधार कार्य। | 1880567 |
| 8 | जोन–3 वार्ड–81 जरौली फेस–2 में0नं0–52 से 131, म0नं0–84 से 313, 280 से 244 एवं 309 से 331 तक प्लाण्ट द्वारा सडक व टाइल्स द्वारा फुटपाथ एवं नाली का सुधार कार्य। | 2033996 |
| 9 | जोन–2 वार्ड–91 के अन्तजर्गत नमक फैक्ट्री से विवेक शुक्ला के घर से पेट्रोल लाइन मु ख्य मार्ग तक आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कार्य। | 2688597 |

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण जी व नगर आयुक्त श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा जी द्वारा 30.12.15 को सेवा निवृत्त हुए 23 कर्मचारियें को माला पहनाकर , उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ ही शाल व मिठाई देकर बिदाई की । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आशीर्वचन दिये तथा स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षदगण के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

## सफाई अभियान








## अतिक्रमण अभियान की फोटो










Volume:1 Issue:8 January 2016

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। प्रतिबन्धित पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## सदन की कार्यवाही



दिनांक 19.01.2016 को सदन की बैठक का आयोजन किया गया गया)। जिसमे नगर के माननीय महापौर जगतवीर सिंह द्रोण एवं नगर आयुक्त देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा , अपर नगर आयुक्त प्रथम विनोद कुमार गुप्ता ,अपर नगर आयुक्त द्वितीय राकेश कुमार गुप्ता , समस्त जोनल अधिकारी एवं शहर के माननीय **110** पार्षदगणों के साथ साथ सदन के पदेन सदस्यों ने भी शिरकत किया । जिसमे कार्यकारिणी समिति के 06 निवर्तमान हुये सदस्यों के स्थान पर 06 नये सदस्यों का निर्वाचन किया जाना था ,इस मतदान प्रक्रिया में ८ सदस्यों श्री कैलाश पाण्डेय(वार्ड सं0 70), श्री चेतन सिंह (वार्ड सं037), जितेन्द्र कुमार सचान(वार्ड सं0 80), श्री राजेन्द्र प्रसाद कटियार(वार्ड सं0 27), श्री राज किशोर (वार्ड सं0 45), श्री रमापत झुनझुनवाला (वार्ड सं0 109), श्री मो0 शमीम आजाद (वार्ड सं0 66), श्री सुमित कुमार सरोज (वार्ड सं0 14) ने भाग लिया | जिसमे मतदान में कुल 119 मतों में से 116 मत पड़े जिसमें 10 मत अवैध तथा 106 मत वैध पाये गये | जिसमे सदस्यों को

| क्र0सं0 | निर्वाचित सदस्य का नाम | वार्ड संख्या | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कैलाश पाण्डेय | 70 | 19 |
| 2 | श्री चेतन सिंह | 37 | 01 |
| 3 | श्री जितेन्द्र कुमार सचान | 80 | 16 |
| 4 | श्री राजेन्द्र प्रसाद कटियार | 27 | 10 |
| 5 | श्री राज किशोर | 45 | 15 |
| 6 | श्री रमापत झुनझुनवाला | 109 | 14 |
| 7 | श्री मो0 शमीम आजाद | 66 | 17 |
| 8 | श्री सुमित कुमार सरोज | 14 | 14 |

मत प्राप्त हुए, जिश्के अनुसार इन प्रताशियो में श्री कैलाश पाण्डेय(वार्ड सं0 70), जितेन्द्र कुमार सचान(वार्ड सं0 80), श्री राज किशोर (वार्ड सं0 45), श्री रमापत झुनझुनवाला (वार्ड सं0 109), श्री मो0 शमीम आजाद (वार्ड सं0 66), श्री सुमित कुमार सरोज (वार्ड सं0 14) को कार्यकारिणी समिति का सदस्य जुना गया |







*अपने सामान्य कर (गृहकर) का जमा कर 12 % की दर से बढते ब्याज से बचे।*